**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)**
**बी–192,आवास विकास कालोनी, हरदोई।**
**दूरभाष सं0 05852–223112,** eehardoi@yahoo.com

जल सारथी

**पत्रांक :** 4465 / वि-3 / 37 दिनांक : 11 / 8 / 2026

**सेवा में,**

प्रभारी अधिकारी (शिकायत),
कार्यालय जिलाधिकारी,
हरदोई।

**विषयः– दिनांक 10–08–2026 को प्रकाशित खबर "चार करोड़ से बनी पानी की टंकी को पाँच हजार रुपये के तार की दरकार" शीर्षक से टैग की गयी खबर के सम्बन्ध में आख्या।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला की प्रकाशित खबर जिसका शीर्षक "चार करोड़ से बनी पानी की टंकी को पाँच हजार रुपये के तार की दरकार" है, के संबंध में आख्या उपलब्ध करने की अपेक्षा की गई है।

उक्त के क्रम में अवगत कराना है कि जनपद हरदोई में "जल जीवन मिशन" के कार्य अनुबन्धित कार्यदायी संस्था मेसर्स एन0सी0सी0लि0 द्वारा कराये जा रहे है। जनपद हरदोई के विकास खण्ड टड़ियावां की ग्राम पंचायत टड़ियावां, टड़ियावां ग्रामीण पेयजल योजना से आच्छादित है। टड़ियावां ग्रामीण पेयजल योजना में 01 नग अवर जलाशय, 01 नग ट्यूबवेल, 01 नग सोलर सिस्टम एवं 01 नग पम्प हाउस इत्यादि के निर्माण उपरान्त पेयजलापूर्ति माह जनवरी 2026 से सुचारू रूप से किया जा रहा था। दिनांक 07.08.2026 की रात्रि के किसी पहर में सोलर केबल चोरी होने के कारण पेयजलापूर्ति बाधित है। वर्तमान में संस्था को वैकल्पिक व्यवस्था हेतु निर्देशित किया गया है। शीघ्र ही नियमित जलापूर्ति शुरू करा दी जायेगी। योजनान्तर्गत 18.500 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाया जाना प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष 18.500 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाने के उपरान्त स्थायी सड़क पुनर्स्थापना का कार्य करा दिया गया है। योजनान्तर्गत कुल 1275 हाउसहोल्ड के सापेक्ष 1078 नग पेयजल गृह संयोजन का कार्य करा दिया गया है एवं अवशेष कार्य प्रगति पर है।

अतः उक्त आख्या आपकी सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**भवदीय**

**(मनीष गंगवार)**
**अधिशासी अभियन्ता**

**पृष्ठसं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**

**प्रतिलिपित–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**

1. जिला सूचना अधिकारी, हरदोई।
2. संबंधित सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता।
3. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0लि0 को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उक्त योजनान्तर्गत शेष कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

**अधिशासी अभियन्ता**